आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका  संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916  सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 127 | छतरपुर, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# रक्तदान मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल




परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल 02 दिसंबर। भोपाल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रक्तदान मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। रक्तदान कर हम किसी की जिन्दगी बचा सकते हैं। जब हमारे रक्त से किसी का जीवन बचता है तो हमें जो सुकून व संतुष्टि मिलती है वह अकल्पनीय है। उप श्री शुक्ल ने रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया तथा रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का सम्मान किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रक्तदान के समय हमें यह अनुभूति होती है कि हम स्वयं अपने लिये नहीं वरन अन्य के लिये भी जी रहे हैं। मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त किसी

## रक्तदाताओं का किया सम्मान

फैक्ट्री में नहीं बनता वह मनुष्य के शरीर में ही बनता है और रक्तदान कर किसी का जीवन बचाया जा सकता है। जिला प्रशासन, रेडक्रास सोसायटी, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में 385 रक्तदाताओं ने पंजीयन कराया तथा 351 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के लोग हर क्षेत्र में आगे रहते हैं। आज मेगा रक्तदान शिविर में लोगों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि रीवा वासी इस पुनीत कार्य में भी पीछे नहीं हैं और नई पीढ़ी में शहर की पुरातन संस्कृति हस्तांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि रीवा चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अधिक से अधिक रक्तदान कर लोग आकाल मृत्यु को रोकने में अपनी




सहभागिता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों, पुलिस के जवानों, अधिकारियों तथा अन्य प्रबुद्धजनों का रक्तदान जैसे पुनीत कार्य करने के लिये धन्यवाद दिया।

आयुक्त रीवा संभाग बी.एस. जामोद ने कहा कि रक्तदान महादान है। आज रीवा के नागरिकों में अपार उत्साह है और वह इस पुण्य के काम अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती। कमिश्नर ने बताया कि संभाग के सभी जिलों में 15 दिसंबर तक वृहद रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे सहित विद्यार्थियों, पुलिस के जवानों, अधिकारियों तथा अन्य प्रबुद्धजनों ने शिविर में रक्तदान किया।

# वृद्ध दुकानदार पर कार चढ़ाने वाला आरोपी मंजू पटैरिया कट्टा सहित गिरफ्तार

छतरपुर। 30 नवंबर को आरोपियों द्वारा बड़ामलहरा की एक दुकान पर जाकर दुकानदार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था, थाना बड़ा मलहरा में आरोपी मंजू पटेरिया सहित 2 के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। थाना बड़ा मलहरा पुलिस द्वारा फरार आरोपी मंजू उर्फ अरविंद पटेरिया पिता कमलापत निवासी वार्ड क्रमांक 2 कस्बा बड़ा मलहरा को अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया।



मंजू पटेरिया एक आदतन अपराधी है जो पूर्व में जिला बदर किया गया था। इसके विरुद्ध अवैध वसूली, अवैध शराब, अवैध हथियार, मारपीट, बलवा, छेड़छाड़, शासकीय कार्य में बाधा जैसे 43 अपराध से अधिक पूर्व से दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है, अन्य आरोपी की तलाश व विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बड़ामलहरा निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, उप निरीक्षक रणबहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, केरल प्रसाद, आरक्षक सतीश, रघुनाथ सिंह तोमर एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी द्वपरा रोजगार दिलाने के नाम पर युवक-युवतियों के साथ धोखाधड़ी

## कर्मचारियों को थाने ले गयी पुलिस

छतरपुर। सोमवार को शाम के समय ओरछा रोड थाना क्षेत्र के डिजिटल कॉलेज के पास नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी के द्वारा युवक-युवतियों के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मौके पर पुलिस पहुंची और कंपनी के कर्मचारियों को थाने ले जाया गया। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 1 डिजिटल कॉलेज के पास एमएस आर्यावर्त एसोसिएट नाम से एक बिहार की कंपनी संचालित है जिसमें आसपास के जिलों के युवक-युवतियों को बहला-फुसलाकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही थी। कंपनी में जुड़े हुए युवक-युवतियों ने बताया कि कंपनी के संचालक आलोक कुमार द्वारा उनके साथ ठगी की गई है। सभी युवक-युवतियों ने कंपनी से जुड़ने के लिए 25-25 हजार रूपए दिए थे लेकिन 7 माह बीत जाने के बाद भी युवक-युवतियों को एक रूपए भी वापस नहीं मिल सका जिसको लेकर सभी युवक-युवतियों ने कंपनी के बाहर हंगामा किया। जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची ओरछा रोड थाना पुलिस ने कंपनी के समस्त दस्तावेज जांचे और कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को थाने ले जाया गया। बम्हौरी बराना जिला टीकमगढ़ के युवक मोनू अहिरवार बताया कि वह 7 माह से कंपनी में कार्य कर रहा है। लेकिन अभी तक उसे एक रूपए भी नहीं दिया गया है और कंपनी के संचालक द्वारा उससे 25 हजार रूपए लिए गए थे। आज जब कंपनी के लोगों से पैसों की मांग की गई तो उन्होंने कहा कि पैसे नहीं मिलेंगे जहां भी शिकायत करना हो कर आओ। ग्राम नुना जिला टीकमगढ़ की रहने वाली सविता ने बताया कि उसका पति कमलेश कुमार भी इस कंपनी से जनवरी में जुड़ा था तब उसने 25 हजार रूपए दिए थे और लोगों को जोड़ने पर उसे कमीशन दिया जाना था लेकिन 7 माह बीत जाने के बाद भी उसे कोई कमीशन नहीं दिया गया। बहरहाल ओरछा रोड थाना पुलिस कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है।



# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु आयोजित किया जागरूकता अभियान

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। भारत सरकार की मंशानुरूप हम होंगे कामयाब अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बीते दिनों से जनपद क्षेत्र की शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं की कानूनी जागरूकता हेतु कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।



इसी क्रम में बीते दिवस स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना अधिकारी अनुराग दुबे के दिशा निर्देशन में लिपिक दिलीप निगम के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरिहार के परिसर में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, और आमजन को जिम्मेदार मर्दानगी विषय से अवगत कराते हुए महिलाओं का सम्मान करने, उनके अधिकारों,कानून कीऔर करियर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट राजेंद्र कुमार पटेल ने मौजूद छात्र-छात्राओं और महिलाओं को शान द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाएं जैसे गुड टच बेड टच, भ्रूण हत्या, लिंगानुपात, महिला हेल्पलाइन आदि के बारे में अवगत कराया। लिपिक दिलीप निगम द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वतंत्रता हेतु नीड, परी,भरोसा, आसरा, सहारा सहित 5 वर्गों की विस्तृत जानकारी दी गई।परियोजना विभाग से धर्मेंद्र प्रजापति ने बताया कि इस महत्वपूर्ण अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आशा कार्यकर्ताओं ग्रामीण स्वावलंबन समिति ग्रामीण महिला संगठन एनजीओ का भी सहयोग लिया जा रहा है एवं उन्हें जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल किया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में गौरिहार सरपंच भूपेन्द्र यादव, एडवोकेट राजेंद्र कुमार पटेल, प्राचार्य ऋषि तिवारी, एनआरसी से संगीता परस्ते, शिक्षक जमुना प्रसाद अहिवार,रमाशंकर पटेल,महेंद्र द्विवेदी,गंगादीन प्रजापति,प्रशांत मिश्रा सहित आँगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में संस्था में अध्ययनरत छात्र -छात्राएं व अन्य मातृ शक्तियां मौजूद रहीं।

# गढ़ीसेमरा के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर के नाम नगर निरीक्षक बकस्वाहा को सौंपा ज्ञापन

## झूठी रिपोर्ट, अवैध वसूली और आतंक फैलाने का आरोप



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। थाना वकस्वाहा क्षेत्र के ग्राम गढ़ीसेमरा में एक हरिजन परिवार द्वारा कथित रूप से अवैध वसूली और आतंक फैलाने के आरोपों को लेकर आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर के नाम नगर निरीक्षक वकस्वाहा को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि इस परिवार के सदस्य गांव में अवैध रूप से पैसा वसूलने के साथ-साथ झूठी शिकायतें दर्ज करवा कर गांव में भय और दहशत का माहौल बना रहे हैं।

ज्ञापन में ग्रामवासियों का कहना है कि परिवार के सदस्य अवैध तरीके से पैसा वसूलते हैं, गांव के प्रमुख रास्तों पर अतिक्रमण कर गाली-गलौच करते हैं, शराब के नशे में उत्पात मचाते हैं और मारपीट करते हैं। जब कोई इनकी गतिविधियों का विरोध करता है, तो वे झूठी रिपोर्ट दर्ज कर उसे परेशान करते हैं और राजीनामा के लिए पैसे की मांग करते हैं।

ग्रामवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि इस परिवार के सदस्यों ने थाना बकस्वाहा में कई निर्दोष ग्रामीणों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं, जिसके कारण उनके खिलाफ बिना जांच के मामले पंजीबद्ध हो गए हैं। जिनसे पैसे वसूले गए, उनके मामलों में राजीनामा कर लिया जाता है, जबकि जिनसे पैसे नहीं लिए गए, उनके साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाता है।

ग्रामवासियों का कहना है कि इस परिवार का आतंक इतना बढ़ चुका है कि लोग उनके खिलाफ शिकायत करने से डरते हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने पर उन्हें और उनके परिवार को परेशान किया जाता है, जिससे लोग अपनी गरिमा बचाने के लिए चुप रहते हैं। इसके अलावा, ग्रामवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि यह परिवार गांव में अशांति फैलाने की साजिश रच रहा है। वे अपने समाज के कुछ लोगों को गुमराह कर उन्हें अत्याचार का शिकार बताकर हंगामा खड़ा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि गांव में दहशत का माहौल बन सके।

ज्ञापन में ग्रामवासियों ने पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि इस गंभीर मामले की त्वरित जांच की जाए और अवैध वसूली तथा आतंक फैलाने वाले इस परिवार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो यह विवाद और बढ़ सकता है और गांव में हिंसा का रूप ले सकता है। ज्ञापन देने वाले ग्रामीणों में नन्ने भाई, श्री बाई, महेंद्र सिंह लोधी, गोले सिंह, घनश्याम सिंह, हरीराम, लोकेन्द्र, अरविंद सिंह, जगदीश, राम सिंह, शिव सिंह, सुनील, पुष्पेंद्र, अजवान सिंह, छुट्टन सिंह, बलराम, कल्याण सिंह, अमन सिंह, रामेश्वर सिंह, सुदामा सिंह, राजू सिंह, प्रभू सिंह, जुझारू सिंह, छोटे राजा, राकेश, करन, दीपेंद्र, दीप सिंह, धनश्याम, झाम सिंह सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण शामिल थे।

# दिव्यांग छात्रों को समान अवसर मिलना चाहिए, उनकी प्रतिभा को सही मंच मिलना जरूरी है - प्राचार्य अरविंद कुमार तिवारी

### बकस्वाहा में दिव्यांग छात्रों के लिए खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन, विकासखंड शिक्षा केन्द्र में हुआ रंगारंग कार्यक्रम



परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। 2 दिसम्बर को बकस्वाहा विकासखंड शिक्षा केन्द्र में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए खेल-कूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कन्या संकुल प्राचार्य श्री अरबिंद कुमार तिवारी, बी.आर.सी. श्री चन्द्रविजय सिंह बुन्देला और एम.आर.सी. गोपालेन्द्र सिंह ने सरस्वती पूजन से किया।

प्राचार्य श्री अरविंद कुमार तिवारी ने इस आयोजन के दौरान कहा, दिव्यांग छात्रों को समान अवसर मिलना चाहिए, ताकि वे अपनी प्रतिभा को साकार कर सकें। यह प्रतियोगिता दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है और यह दर्शाती है कि अगर सही मंच मिले तो वे किसी से पीछे नहीं हैं। प्रतियोगिता में बकस्वाहा विकासखंड की विभिन्न शालाओं से 130 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने कैरम, लूडो, रंगोली, चित्रकला, दौड़, गोला फेंक और अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी बच्चों को उनके प्रयासों और कौशल के लिए पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सत्यम चौरसिया ने बच्चों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से दिव्यांग छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है।

इस आयोजन के सफल संचालन में खेल शिक्षक देवी सिंह राजपूत, वैभव ताम्रकार, गया ठाकुर, विनय गुप्ता, सौरभ ताम्रकार, सुरेन्द्र खटीक, रामकिशोर साहू, दीपा नकीब, कविता पालीवाल और अनुष्का जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एम.आर.सी. गोपालेन्द्र सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए बी.ए.सी. मनोज कुमार शर्मा, राकेश कुमार तिवारी, धीरज खरे और सभी सी.ए.सी. एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। बी आर सी सी बुन्देला ने कहा दिव्यांग छात्रों के लिए सही अवसर और समर्थन से वे अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# डीएपी खाद की एक और रैक हरपालपुर स्टेशन आई

## सोसयटियों के माध्यम से होगा वितरण

हरपालपुर। छतरपुर जिले में डीएपी खाद की किल्लत के बीच खाद माफिया इस फायदा उठाकर जिले में बड़े पैमाने का नकली खाद का कारोबार करने में लगे है। जिसका बीते रोज जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। इसका खुलासा किया गया। किसानों के बीच डीएपी खाद की कमी की एक बड़ी राहत खबर आई। सोमवार की दोपहर 3 बजे हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर आईपीएल कंपनी की डीएपी खाद की रैंक आई। जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के लगातार प्रयास के चलते हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर 2753.200 मीट्रिक टन डीएपी खाद पहुंचा, जिसे जिले भर की सोसायटियों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जा रहा है।



जैसे ही रैंक प्वाइंट पर मालगाड़ी आई वैसे ही परिवहन ठेकेदार सुशील अग्रवाल द्वारा राजस्व कृषि विभाग की निगरानी में ट्रकों में लोड करा कर मार्कफेड गोदामों के लिए रवाना होना शुरू हो गया है। नौगॉव प्रभारी एसडीएम आईएएस सहायक कलेक्टर काजोल सिंह ने राजस्व अमले कृषि विभाग के अधिकारी सुरजभान पटेल रैंक पॉइंट पर पहुँच कर डीएपी खाद परिवहन की जानकारी ली। नौगॉव प्रभारी एसडीएम काजोल सिंह ने रैंक परिवहन की बारीकी से जानकारी ली।

कृषि अधिकारी सूरजभान पटेल ने बताया कि आईपीएल डीएपी रैंक के तुरंत बाद इफ्को डीएपी की रैंक आनी हैं जिसके जिले में किसानों को डिमांड के अनुरूप डीएपी खाद मिलेगा। छतरपुर पहुंची 2753.200 मीट्रिक टन की रैक समय से आई गई।जिस किसानों को सहकारी समितियों से खाद का वितरण शुरू हो जायेगा। हरपालपुर रैंक प्वाइंट पर परिवहन ठेकेदार द्वारा सैकड़ा भर ट्रक परिवहन में लगा कर डीएपी खाद उठाव शुरू कर दिया जो मंगलवार दोपहर तक रैंक प्वाइंट से उठा कर मार्कफेड गोदामों एवं सहकारी समितियों में भेजा जा रहा हैं परिवहन समय से हो इस लिए प्रशासन पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। ट्रकों की पर्याप्त संख्या होने में जल्द परिवहन कर जिले के विभीन्न स्थानों पर खाद का परिवहन कर पहुंचाया जायेगा।

***मार्कफेड के इन गोदामों होगा ऐसा खाद वितरण***

राज्य सहकारी विपणन संघ छतरपुर के द्वारा जारी योजना के मुताबिक फिलहाल छतरपुर के लिए 2065 मीट्रिक टन डीएपी खाद को जल्द से जल्द सोसायटियों तक भेजा जाएगा। इसमें छतरपुर को 245 मैटिक टन, बिजावर को 50, बड़ामलहरा 60, घुवारा को 185 बमीठा को 105 और लवकुशनगर के भण्डारण केन्द्र को 100 मीट्रिक टन खाद भेजा जा रहा है। इस अलावा पन्ना जिले के देवेंद्र नगर 60टन, पन्ना 60 टन एवं टीकमगढ़ जिले के टीकमगढ़ पलेरा 200 ब डीएपी भेजा जा रहा हैं। इन भण्डारण केन्द्रों से ही खाद विभिन्न सोसायटियों तक पहुंचाया जाएगा। खाद के वितरण के लिए स्टेशन पर सदर पटवारी प्रदीप पाठक,आशीष पांडेय और कृषि विभाग के अधिकारी सुरेंद्र अग्रवाल,मौजूदगी में निगरानी की जा रही है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए तैयारियों का दौर जारी मुख्य न पा अधिकारी ने दिए निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मद्देनजर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले के निर्देशानुसार आज निकाय की स्वच्छता अभियान टीम ने अधिकारियों ने निकाय क्षेत्र में स्थित शिक्षा संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों के शौचालयों सहित सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का निरीक्षण किया, जहां जो भी आवश्यक कार्य कराने हैं, उनको सूचीबद्ध करते हुए आवश्यकता अनुसार व्यवस्था करने, सफाई, पुताई रंग रोगन करने के लिए चिन्हित किया गया है, साथ ही निरंतर मॉनिटरिंग करने हेतु टीम का गठन किया गया है!

जानकारी देते हुए स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए तैयारियों का दौर जारी है, जिसके अंतर्गत अनेकों स्वच्छता कार्यक्रम निरंतर कराए जा रहे हैं, हम मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में विधिवत रूप से हर एक विषय पर योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण कराने का प्रयास कर रहे हैं, एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम भी संचालित कर रहे हैं, समग्र स्वच्छता के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही है, हमारी टीम द्वारा निकाय क्षेत्र के वार्डों, मुख्य बाजारों, मार्गों सहित सार्वजनिक स्थलों, स्मारकों, पार्कों चौराहों की भी सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, घर घर से कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को भी निःअवरोध संचालित किया जा रहा है, नगर में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए आवश्यक कीटनाशकों, दवाओं के छिड़काव सहित फॉगिंग मशीन द्वारा दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है, संपूर्ण निकाय क्षेत्र में इसका छिड़काव सुनिश्चित किया गया है, अतः उक्त कार्य को शीघ्रता से करने के लिए संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# श्रीराम झरोखा में श्रीराम महाबारात को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई

## एक लाख से अधिक लोग होंगे शामिल, करीब 200 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना-श्रीराम झरोखा में श्रीराम महाबारात को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई।एक लाख से अधिक लोग होंगे शामिल, करीब 200 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात।गौरतलब है कि आगामी 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव को लेकर श्रीराम झरोखा में प्रशासन और मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंडित श्री रामनाम महाराज की उपस्थिति में महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

***एसडीएम ने दिए नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश***

बैठक में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह शहर का सबसे बड़ा आयोजन है, इसलिए व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित मकानों का सर्वेक्षण किया जाए और जर्जर मकानों की पहचान की जाए।

ऐसे मकानों के मालिकों को नोटिस जारी किए जाएं ताकि इन मकानों पर भीड़ एकत्रित न हो। यदि इस दौरान कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए मकान मालिक जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा, नरसिंह मंदिर पर होने वाले भंडारे के समय में बदलाव करते हुए इसे शाम चार बजे के बजाय तीन बजे शुरू कराने का सुझाव दिया गया ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे।

***मंदिर समिति से मांगे सुझाव***

एसडीओपी नितेश पटेल ने मंदिर समिति से आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने बताया कि झांकियों और पालकियों के पास विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि झांकियों के साथ चलने वाले ट्राला वाहनों पर चढ़ने की कोशिश करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि आयोजन के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा उपद्रव किया जाता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

***एक लाख से ज्यादा लोगों के आने की संभावना***

बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि आयोजन में हर साल भीड़ बढ़ रही है। इस बार एक लाख से ज्यादा भक्तों के शामिल होने की संभावना है। भीड़ को संभालने के लिए 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने की मांग की गई है। इस महोत्सव में कई चलित झांकियां निकाली जाएंगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों को मुख्य मार्गों पर बिजली के तारों को ऊंचा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि झांकियों के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

***वाहन मार्ग रहेगा परिवर्तित***

आयोजन के दौरान बीना शहर में आने वाले वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया जाएगा। एसडीओपी ने कहा कि रिफाइनरी और भोपाल की ओर जाने वाले वाहनों को आगासौद रोड से बायपास रोड पर निकाला जाएगा। वहीं एसडीएम ने कलेक्टर से बात कर स्थानीय स्कूलों के अवकाश की सिफारिश की है ताकि आयोजन के दौरान यातायात और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

# सागर सांसद लता वानखेड़े ने जे.पी. नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी



परिहार गर्जना न्यूज। सागर/2/12/24/ सांसद श्रीमती लता गुड्डू वानखेड़े ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा को उनके जन्मदिन के अवसर पर संसद भवन में मुलाकात कर शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना देते हुए उन्होंने सागर क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

# मध्य प्रदेश दूर दर्शन चैनल पर कवि आमीन अली की प्रस्तुति आज



परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। मध्य प्रदेश दूर दर्शन केंद्र भोपाल से शाहपुर के कवि आमीन अली शाहपुरी, की कविताओं से संबंधित बातचीत एवं शेरो शायरी का प्रसारण तीन दिसम्बर मंगलवार को दिन में 12 बजे किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आमीन अली पूरे देश में लोकप्रियता हासिल कर चुके है।एवं नगर और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।

# नगर के लोगों की संतुष्टि ही हमारा विकास है - लता सकवार

## नपाध्यक्ष ने किया नगर के विकास कार्यों का अवलोकन



परिहार गर्जना न्यूज। बीना-नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने नगर के इटावा क्षेत्र, कटरा वार्ड और गांधीवार्ड में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इटावा में हुए डामरीकरण का जायजा लिया। वार्ड के लोगों ने रोड पर गति अवरोधक बनाने की मांग की जिस पर नपा अध्यक्ष ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि लोगों की मांगनुसार गति अवरोधक एवं पुनः रोलर चलाकर सभी निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। गांधी वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों से समय पर और उच्च गुणवत्ता वाले काम को पूरा करने की अपेक्षा जताई और उपयंत्री शिखा दीक्षित को कार्यों के निरीक्षण हेतू निर्देशित किया, ताकि क्षेत्र के लोगों को इन विकास कार्यों का शीघ्र लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान नगरवासियों ने सराहा और नपा अध्यक्ष के प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान विकास राजपूत, नवीन साहू, सुनील समैया, पंकज ताम्रकार सहित नपा अधिकारी, ठेकेदार और वार्डवासी मौजूद रहे।।

# पंखे पर लटक कर महिला की संदिग्ध मौत, फैली सनसनी

## जैन मंदिर में काम करता है मृतिका का पति भज्जू माली



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज़। टीकमगढ़। संयुक्त कार्यालय के समीप स्थित पारस विहार कालोनी में सुबह से ही सनसनी फैल गई। यहां एक महिला ने पंखे पर लटक कर आत्म हत्या कर ली। यह चर्चा आग की तरह सारे इलाके में फैल गई। घटना की सूचना पर थाना देहात पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। बताया गया है कि घटना की सूचना पर थाना देहात पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतिका के शव का पोस्ट मार्डम कराकर पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया गया है कि घटना के कारणों का समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल सका है। घटना के संबन्ध में मिली जानकारी में बताया गया है कि नगर के संयुक्त कार्यालय के समीप स्थित पारस विहार कॉलोनी में सोमवार को एक महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही देहात थाना से प्रधान आरक्षक 180 राम कृष्ण सुमन, महिला आरक्षक ज्योति एवं सुरेन्द्र राय मौके पर पहुंचे, उन्होंने नक्शा एवं पंचनामा तैयार कर विवेचना आरंभ की। बताया गया है कि पुलिस ने मर्ग क्रमांक 54/24 धारा 194 बीएनएस कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। बताया गया है कि कार्रवाई के बाद महिला के शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों द्वारा मृतिका का पोस्ट मार्डम किया गया। मृतका के पति भज्जू माली ने बताया कि वह आस्तौन गांव का रहने वाला है। यहां पारस विहार कॉलोनी के जैन मंदिर में वह काम करता है। मंदिर समिति की ओर से उसे यहां रहने के लिए कमरा दिया गया है, जिसमें वह पत्नी चांदनी और 3 साल की बच्ची के साथ रहता है। आज सोमवार की सुबह वह मंदिर में काम करने चला गया। पत्नी और बच्ची कमरे में थे। थोड़ी देर बाद बच्ची रोते हुए मंदिर पहुंची, उसने घटना के बारे में बताया। इसके बाद जब उसने कमरे में जाकर देखा तो चांदनी पंखे पर लटकी हुई थी। उसने पंखे पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। इस घटना के बारे में पुलिस को तुरंत जानकारी दी। थाना देहात पुलिस ने मौके पर आकर शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है। देहात थाना पुलिस के मुताबिक मृतका के जेठ ने थाने में सूचना दी थी। मौके पर पहुंच कर देखा तो महिला पंखे से लटक रही थी और उसकी मौत हो चुकी थी। पंचनामा के बाद शव को नीचे उतारकर पोस्ट मॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। प्रधान आरक्षक राम कृष्ण ने बताया कि पोस्ट मार्डम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। इसके साथ ही कारणों का पता करने के लिए मृतिका के मायके पक्ष को भी सूचना भेज दी गई है, उनके आने के बाद ही जानकारी मिल सकेगी।

# अपराधों पर काबू पाने के लिए पुलिस की जारी कार्यवाहियाँ

## असामाजिक एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

परिहार गर्जना न्यूज़। टीकमगढ़। जिलान्तर्गत पुलिस द्वारा 07 स्थाई वारंट तामील कर न्यायालय पेश किए। तामील स्थाई वारंटी आरोपी जिले के बिभिन्न अपराधों में फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं टीकमगढ़ एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में अपराधों की स्थिति को नियंत्रण रखने एवं असामाजिक एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु इनामी, फरारी, स्थाई वारंटियों को गिरफ़्तार करने जिला स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत 01 दिसम्बर 2024 को जिले में थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई । जिसमें थाना कोतवाली द्वारा 02 स्थाई वारंटी राजेंद्र पिता हल्के कुशवाहा निवासी पठा, तरुण पिता रमेश सोनी निवासी टीकमगढ़, 'थाना देहात पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी मोहर सिंह पिता सीताराम जादौन निवासी मामौन को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि इसी प्रकार थाना बल्देवगढ़' द्वारा स्थाई वारंटी अशोक पिता विन्द्रवन लोधी निवासी नारायणपुर को, 'थाना खरगापुर ' द्वारा स्थाई वारंटी कमलेश पिता हल्काई अहीरवार निवासी मातौल को 'थाना बड़ागांव' द्वारा स्थाई वारंटी काशीराम पिता रामदयाल आदिवासी निवासी मिथिला खेरा को 'थाना पलेरा' द्वारा स्थाई वारंटी अल्ताफ पिता इस्लाम ख़ान निवासी पठला मुहल्ला टीकमगढ़ को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया । बताया गया है कि उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रवि गुप्ता, थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक मनोज सोनी, थाना प्रभारी बड़ागांव निरीक्षक एमपी सिंह गौंड, थाना प्रभारी खरगापुर उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी सहित उक्त थाना एवं चौकी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी की तामीली का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# संगठन पर्व की जिला कार्यशाला संपन्न

## बूथ समितियों के गठन को कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम और आपसी सहयोग भाईचारे से सरल बनाया- कांतदेव सिंह

परिहार गर्जना न्यूज़। टीकमगढ़। आज स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय पर संगठन पर्व की जिला कार्यशाला संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि संगठन पर्व पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसके पहले प्रदेश में कार्यशाला हुई थी। इसके बाद आज यह जिले की कार्यशाला है, जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन जिला चुनाव प्रभारी कांतदेव सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, सह चुनाव प्रभारी वरिष्ठ नेता अशोक गोयल व अश्विनी चढ़ार, महामंत्री आशुतोष भट्ट व पूरन चंद्र लोधी उपस्थित रहेए कार्यक्रम की शुरुआत में भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित किया गया। पदाधिकारी गण द्वारा गीत लिया गया। संचालन महामंत्री अश्विनी चढ़ार व आभार उपाध्यक्ष रीतेश भदौरा द्वारा किया व राष्ट्रगान के साथ बैठक समाप्त हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही मुख्य होता है, जिसका आज परिणाम पूरे देश व दुनिया में सबसे बड़ा और सबसे मजबूत संगठन के रूप में दिखाई पड़ता है, सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत स्वरूप ही यह पार्टी खड़ी हुई है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गोयल ने कहा कि हमें एक दूसरे का साथ बनाकर अपने कदम बढ़ाना है और पार्टी में नए लोगों को जोड़कर आगे लाना है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला संगठन चुनाव अधिकारी कांतदेव सिंह ने कहा कि टीकमगढ़ जिले में बूथ स्तर पर समिति का गठन कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक बार फि र से बूथ समिति को ऑनलाइन भी चेक करें और अच्छे कार्यकर्ताओं को उसमें जगह दे। उन्होंने कहा कि भाजपा पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्य होना चाहिए, साथ ऑफ लाइन व ऑनलाइन वेरीफ़ाई भी सरल ऐप पर होना चाहिए। संगठन पर्व पर द्वितीय चरण तक बूथ समिति का गठन पूरा किया है। हम सभी कार्यकर्ताओं को सभी 808 बूथों पर 50 लोगों को प्राथमिक सदस्य बनना है, हमने प्रदेश में 65 हजार बूथों में से 64 हजार बूथों पर समिति बनाने का असंभव कार्य संभव किया। जिले में लगभग 1 लाख 75 हजार सदस्यता अभियान से सदस्य जोड़ें और आगे की प्रक्रियाएं भी हमारी पार्टी में सबके साथ मिलकर आपसी सहमति, आपसी एकता के साथ कदम से कदम मिलाकर निभाई जाएंगी, संगठन पर्व पार्टी में उत्सव का पर्व है। कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, अभिषेक खरे रानू, बलवीर जोशी, रीतेश भदौरा, रोहित खटीक, मुकेश तिवारी, बल्देवगढ़ अध्यक्ष शालिनी-विश्व दीपक मिश्रा, विकास यादव, जन्मेजय तिवारी, अमित जैन, भाजपा नेता किशन पटेरिया, इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, राम गोपाल चौरसिया, शोभरन कुशवाहा, राकेश हटैया, अनीश खान, रोहित बैसाखिया, मनीष श्रीवास्तव, शक्ति दोंदरिया, शक्ति सिंह राय, शिवचरण उटमालिया, संजय श्रीधर, संदीप पायक, बाबूलाल, महेश गौतम, महेश पटेरिया, सुरेंद्र लोधी, सुनील रैकवार, विनय सेन, निर्मल नीरज शर्मा, सूरज कड़ा, नरेश तिवारी, पंकज प्रजापति, प्रफुल्ल द्विवेदी, स्वप्निल तिवारी आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# जुआ के अड्डों में तब्दील हो रहे पलेरा क्षेत्र के जंगल, वन्य प्राणियों पर जंगल माफियाओं की नजर

## आरोपी राहुल यादव पर लगाए वन आरक्षक ने गंभीर आरोप

परिहार गर्जना न्यूज़। टीकमगढ़। मुर्राहाबाबा वह ग्राम है, जहां का आरोपी राहुल यादव पिता दीनदयाल यादव जंगल में जुआ का अवैध कारोबार संचालित कर रहा है। जुआ रोक पाने में पुलिस प्रशासन अब तक असफल साबित होता रहा है। यह आदतन आरोपी वन्य प्राणियों को मारकर उनका बिक्रय करता रहा है। वन संपदा को क्षति पहुंचाने वाले आरोपी राहुल यादव के खिलाफ कार्रवाई न होने से वन कर्मचारियों एवं आम नागरिकों में दहशत बनी हुई है। यह कहना है कि विकास बाबू वर्मा वन रक्षक बीट गार्ड करई का। जिन्होंने थाना प्रभारी पलेरा को आवेदन देकर इस दिशा में ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की है। श्री वर्मा ने दिए गए आवेदन में कहा है कि विगत कई माह से एक सफेद रंग की मोटर साइकिल से रात में पलेरा के नजदीक मुर्राहा बाबा के जंगल में राहुल यादव पिता दीनदयाल यादव और उसके साथ कुछ लडकों को अवैध गतिविधियां करते हुए देखा गया है, जो मुर्राहा बाबा के जंगल में दारू और जुए का कारोबार कर रहा है। राहुल यादव के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा वन अपराध भी पंजीबद्ध किए हुए हैं। बताया गया है कि उसके द्वारा जंगल में जुआ खिलवाने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा लिखित में थाना पलेरा में भी कार्यवाही किए जाने हेतु सूचना दी गई है, लेकिन राहुल यादव खुद को क्षेत्र का बढ़ा अपराधी साबित करने पर तुला है। राहुल की गतिबिधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिससे वन संपदा को क्षति होने तथा अपराधिक गतिविधियां बढने की आशंका जताई जा रही है। आवेदन में कहा गया है कि रात-दिन जंगल में लकडियों और वन्य प्राणियों की तस्करी के साथ-साथ जंगल में जुए का कारोबार चला रहा है। श्री वर्मा ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने एवं जंगलों में होने वाली अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।

## अवैध मादक पदार्थ बेचने वालों पर हुई पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

परिहार गर्जना न्यूज़। टीकमगढ़। स्थानीय पुलिस द्वारा जिले में रेड कार्यवाही कर अवैध शराब 82 लीटर कीमती लगभग 16 हजार 540 रूपए की जब्त की गई। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अवैध जुआ, सट्टा, शराब, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में 01 दिसम्बर 24 को जिले में विभिन्न थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही कर 19 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों पर 34 आवकारी एक्ट का कायम कर कुल अवैध शराब 85 लीटर 180 ग्राम कीमती 16 हजार 640 रूपए की जप्त की जाकर विवेचना में लिया गया । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# लोक स्वास्थ यांत्रकीय विभाग पीएचई में बड़ा घोटाला

## -स्कूल, आंगनवाड़ीयों मे बिना जल सप्लाई के शासकीय राशि में किया भारी फर्जीवाड़ा

## -शिक्षा विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग मौन



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिल में लोक स्वास्थ यंत्रीकीय विभाग में पदस्थ कार्य पालन यंत्री महेन्द्र सिंह विगत पांच वर्ष से पन्ना में जमें हुए है तथा लगातार नल जल योजना, जल जीवन मिशन में भारी फर्जीवाड़ा लगातार कर रहें है, उसके बावजूद संबंधित के खिलाफ कोई कार्यवाहीं नही की जा रही है। आंगनवाड़ी तथा स्कूलो में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ो रूपये की राशि सरकार द्वारा विभाग को आवंटित की गई थी। लेकिन विभाग के अधिकारी, कर्मचारीयों नें मिलकर मनमाने ढंग से मोटर पंप तथा नल फिटिंग करवाई गई, एवं शिक्षा विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग को हैन्ड ओवर करके फर्जीवाड़ा किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों को विद्यालय में ही शुद्ध पेयजल की सुविधा हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से शासन द्वारा करोड़ों का बजट स्वीकृत किया गया था जिसे ठेकेदार द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलकर ठिकाने लगा दिया गया, नतीजा करोड़ों की शासकीय राशि खर्च होने के बावजूद किसी भी शासकीय विद्यालय या आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल की सुविधा शुरू नहीं हो सकी, बोर, समर्शिबल, टंकी और नल फिटिंग के नाम की करोड़ों की राशि कागजी खानापूर्ति के माध्यम से ठिकाने लगा दी गई। जिसके चलते करोड़ों की राशि खर्च होने के बावजूद मासूम बच्चों को अपनी प्यास बुझाने के लिए स्कूल के बाहर जाना पड़ता है। पेयजल व्यवस्था के नाम पर डबल घोटाला सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था हेतु जहां बोर करवाए गए हैं वहां 200 फीट बोर करवा कर 400 फीट का बिल बनवाया गया है। लेकिन अधिकांश स्कूलों में बोर करवाने के बजाय पूर्व में लगे हेंडपंपों के बोर को नया बोर दर्शा दिया गया है। शायद ही कहीं सबमर्सिबल डाला गया हो, पाइपलाइन की अधूरी फिटिंग की गई टंकी केवल शोपीस के लिए रखी गई, कुल मिलाकर केवल फोटोग्राफी के लिए औपचारिकता निभाई गई और फर्जी तरीके से भुगतान करवा लिया गया, इस प्रकार स्कूलों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर दोहरा भ्रष्टाचार किया गया है। विद्यालयों के शौचालय बने शोपीस इसी प्रकार के हाल शौचालयों के बताए जा रहे हैं शायद ही किसी स्कूल में शौचालय और प्रसाधन चालू हो, अधिकांश स्कूलों के शौचालय एवं प्रसाधन जर्जर होने के चलते उनमें ताले लटक रहे हैं। जिसके चलते बच्चों को स्कूल के आसपास की झाड़ियों में लघुशंका एवं शौच के लिए जाना पड़ता है। विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश विद्यालय गांव से बाहर खेतों एवं जंगलों से लगे हुए क्षेत्र में होते हैं जहां हिंसक वन्य प्राणियों, आवारा पशुओं और वाहनों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है लेकिन स्कूलों में शौचालयों की जर्जर हालत एवं उनमें ताला लगे होने एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों को खतरों का खिलाड़ी बनना पड़ रहा है। पन्ना जिले के शिक्षा के मंदिरों में इस प्रकार के हालात एवं व्याप्त भ्रष्टाचार को जिले के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अनदेखा एवं अनसुना कर रहे हैं जिससे सुधार के बजाय हालात और भी बिगड़ रहे हैं।

***इनका कहना है***

हमारे विभाग की जिम्मेदारी बोर में मोटर डाल कर विद्यालयों में पानी की टंकी लगाना और नल फिटिंग करवा कर पानी की सुविधा करवाने की थी जो करवा कर विद्यालयों को सौंप दिया गया है। अब मेंटेनेंस की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की है। अगर किसी विद्यालय में पेयजल सुविधा शुरु नहीं हुई तो उसके बारे में जानकारी मिलने पर निरीक्षण करवा कर आगे की कार्यवाही करवाई जाएगी।

***महेन्द्र सिंह कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग***

जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों में नल से जल पहुंचाने के लिए कार्य किया गया है यदि इसमें कोई गड़बड़ी हुई है तो डीसीपी को ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सुधार कार्य करवाना चाहिए, अगर डीपीसी ध्यान नहीं दे रहे तो डीईओ या सीईओ को अवगत करवाना होगा आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है मैं इस बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क करूंगा।

***डॉ मनीष वर्मा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग***

# छह साल में नहीं हो पाया छत्रसाल स्टेडियम का निर्माण

## तीन करोड़ सत्तर लाख की राशि की गई थी स्वीकृत

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर के सबसे प्राचीन खेल मैदान छत्रसाल स्टेडियम नजर बाग का निर्माण कराये जाने के संबंध में विगत छह वर्ष पूर्व राशि स्वीकृत की गई थी, तथा तत्काल स्टेडियम निर्माण के लिए आधार शिला रखी गई थी, एवं उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव वीपी सिंह सहित अनेक जन प्रतिनिधि शामिल हुए थें। स्टेडियम निर्माण की जिम्मेवारी नगर पालिका पन्ना को दी गई थी। जिसमें नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को कार्य कराने की सभी औपचारिकताए पूरी की गई थी। लेकिन उक्त निर्माण कार्य कछुआ गति से प्रारंभ हुआ, जो आज भी कछुआ गति से ही चल रहा है तथा अभी तक दस प्रतिशत कार्य भी नहीं हो पाया है, स्थानीय खिलाड़ियों में स्टेडियम निर्माण न होने से निराशा का वातावरण बना हुआ है। आखिर इस प्रकार से कैसे निर्माण कार्य पूर्ण होगें तथा स्टेडियम निर्माण न होने से खेल गतिविधियां भी प्रभावित हो रहीं है। क्योकि अन्य खेल मैदान विभिन्न खेलो के हिसाब से अनुकूल नहीं है, स्टेडियम के पास बनाये जा रहें भवन का भी आधा अधुरा निर्माण कार्य पड़ा हुआ है, वह भी पूर्ण नहीं हो पाया है, अभी कुछ दिन पूर्व नगर पालिका द्वारा संबंधित ठेकेदार का कार्य निरस्त करते हुए कार्य से विलग कर दिया गया है। आंगे देखना है, कब तक फिर से नया ठेकेदार बनाकर कार्य प्रारंभ कराया जायेगा। लेकिन जिस प्रकार से जिले में निर्माण कार्य हो रहें है। इससे शासन तथा आम जनता के पैसे का भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय आम नागरिको तथा खिलाड़ियों ने छत्रसाल स्टेडियम का निर्माण जल्द कराये जाने की मांग की है।





# तेज रफ्तार मोटर साईकिल अनियंत्रित हो कर गड्ढे मे गिरी, दो की मौत, एक गंभीर

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत, बृजपुर पहाड़ीखेड़ा रोड़, नवोदय विद्यालय के पास तेज़ रफ़्तार मोटर साईकिल अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे गढ्ढे मे जा गिरी, जिसमें तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये। जिसकी सूचना तीसरे व्यक्ति द्वारा अपने परिजनों को दी गई। परिजन परिचितो के साथ घटना स्थल पर जा पंहुचे, रात्रि का समय होने के चलतें जिला अस्पताल विलंब से पंहुचने के कारण दो की मौत हो गई तथा एक बुरी तरह घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार गजना धरमपुर निवासी अखिलेश आदिवासी पिता बलधारी, रमजाने आदिवासी, संदीप आदिवासी तीनो मोटर साईकिल पर सवार थें तथा अपने गांव आ रहें थे। उसी दौरान उक्त घटना घटित हुई। जिसमें ईलाज के दौरान अखिलेश आदिवासी तथा रमजाने आदिवासी की जिला चिकित्सालय में मौत हो गई तथा संदीप आदिवासी की हालत गंभीर है। फिलहाल पुलिस नें मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम कराकर दोनो म्रतको के शव परिजनों को सौप दिये तथा घायल का ईलाज चल रहा है।

# जेके सीमेंट कंपनी के डम्फर से एक और गरीब की मौत

## सैकड़ो लोग समा गये काल के गाल में

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के सिमरिया अमानगंज तहसील के अन्तर्गत हरदुआ पुरैना मे संचालित जेके सीमेंट कंपनी से जहां स्थानीय लोगो का कोई भला नहीं हुआ, लेकिन उक्त कंपनी की लापरवाहीं से सैकड़ो लोग काल के गाल में समा गयें है। दिन रात सैकड़ो सीमेंट एवं क्लीकिंर से भरें बड़े वाले डम्फर तथा ट्राला धमा चौकड़ी मचाते रहते है। अमानगंज दमोह, रोड़ पर लोगो का चलना मुश्किल हो गया है। आये दिन उक्त डम्फरो द्वारा सड़क पर चलने वालो को बेरहमी से कुचल दिया जा रहा है। इसी प्रकार का हादसा बीति रात्रि एक दिसम्बर को घटित हुआ। जिसमें तिघरा गांव के पास ग्राम लुधनी निवासी मजदूर मस्तराम पिता रूब्बन मेहतर उम्र 28 वर्ष अपने गांव लुधनी जा रहा था, जिसें जेके सीमेंट कंपनी के कैप्शुल ट्रक द्वारा टक्कर मारकर मौत की नीन्द में सुला दिया। डम्फर क्रमांक एमपी 34 जेड ऐ 8342 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक डम्फर चलाते हुए मोटर साईकिल चालक गरीब मजदूर को बुरी तरह कुचल दिया, जिसकी उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्राला का नम्बर तथा सभी प्रकार की जानकारी होने के बावजूद सिमरिया थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात के खिलाफ मामला बनाया गया है। क्योकि सिमरिया तथा अमानगंज की पुलिस जेके सीमेंट कंपनी को बिची हुई है तथा उनके द्वारा जेके सीमेंट कंपनी से अमानगंज तथा सिमरिया थाना प्रभारीयों द्वारा प्रत्येक माह मोटा कमीशन वसूला जाता है, इसी लिए उक्त दोनो थानो की पुलिस कंपनी वाहन चालको तथा संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है।

### ग्राम गड़ैल्या पुरवा में सड़क बनाये जाने की मांग

पन्ना/पन्ना विधानसभा क्षेत्र के अजयगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा भापतपुर के ग्राम गड़ैल्य पुरवा में सड़क ना होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो द्वारा सड़क बनाये जाने की लगातार मांग की जा रही है। लेकिन सात दशक बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। विधानसभा चुनाव के समय क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह नें सड़क बनाये जाने का आस्वासन दिया था। लेकिन आज दिनांक तक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। जिससे स्थानीय लोगो में आक्रोश का माहोल देखा जा रहा है। ग्रामीणो नें बताया कि सड़क न होने से हम लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्षात के समय कोई बीमार हो जाता है तो उसे दो किलो मीटर चारपाई मे रखकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। स्थानीय लोगो ने जिला प्रशासन तथा जिम्मेवार जन प्रतिनिधियों से सड़क निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की है।

# वारदाना न होने के चलते अनेक तोलाई केन्द्र नहीं हुए प्रारंभ, किसान हुए परेशान

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/गुनौर तहसील अन्तर्गत सलेहा कस्वा में कल्दा के नाम से तुलाई केन्द्र बनाया गया है। लेकिन समिति प्रबंधक कल्ला द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि तोलाई केंद्र आज से प्रारंभ होने के निर्देश सरकार द्वारा दिये गये थें। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा हमें तोलाई करने के लिए बारदाना उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे आज तोलाई बंद रही। साथ ही धान की गुणवत्ता तय करने के लिए सर्वेयर भी नियुक्त नहीं किया गया है। संबंधित समिति प्रबंधक ने कहा कि जब बारदाना आ जाएगा और सरवेयर गुणवत्ता चेक करने के लिए आएंगे तब से तुलाई केंद्र में प्रारंभ होगी ठंड के लिए हमने लकड़ी का प्रबंध किया है एवं पेयजल की भी व्यवस्था की गई है।



# स्वच्छ भारत अभियान में दमोह को ऊपर की रेंक पर लेकर जाना है तो इसकी शुरुआत हमें समाज से करनी होगी-कलेक्टर श्री कोचर

## -अपने घर-परिवार को सचेत करें पूजन सामग्री तालाब में विर्सजन ना करें

## -गुरू नानक स्कूल में कचरे का सेग्रीगेशन कैसे करना चाहिये उसके बारे में दो वीडियो दिखाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 02 दिसम्बर। यदि बच्चों तक सफाई का संदेश पहुंचा सके तो उनके परिवारों तक यह मैसेज बहुत अच्छे से पहुँचा सकेंगे। स्वच्छ भारत अभियान में दमोह को ऊपर की रेंक पर लेकर जाना है, इसकी शुरुआत हमें समाज से करनी है इसलिए आज हमने यह काम किया है। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज गुरू नानक स्कूल में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान के महत्व को छात्रो को समझाते हुये कही।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह सीएमओ नगरपालिका की पहल है, उन्हीं का प्लान है कि हम हर स्कूल जाएं और विद्यार्थियों से शुरुआत करें, क्योंकि नई जनरेशन जब तक ठीक नहीं होगी तब तक सफाई का महत्व लोगों को समझ नहीं आएगा। हमने प्लान किया है कि नियमित रूप से स्कूलों में जाएंगे और लोगों को यह संदेश देंगे, आज पहले स्कूल गुरु नानक स्कूल का चयन किया था जहां पर सीएमओ ने विद्यार्थियों को दो वीडियो दिखाएं, कचरे का सेग्रीगेशन कैसे करना चाहिए, उसके बारे में जानकारी दी।

कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा हमें आपके बीच में इसलिए आना पड़ा है क्योंकि आने वाले जनरेशन ने सफाई के महत्व को नहीं समझा तो आगे आने वाले समय में हमारा हाल वही होगा जो अभी आपको दिखाये जा रहे थे। आप विद्यार्थियों के दिमाग में यह बात क्लियर जानी चाहिए की सफाई कितनी इंपॉर्टेंट है। नाखून से लेकर नाली तक सब चीज हमें साफ रखनी है, इसकी जिम्मेदारी हमारी जनरेशन के ऊपर है। उन्होंने कहा कोई भी पैकेट या पानी की बोतल कार, बस की खिड़की से बाहर या घर से बाहर फेंकने से पहले 10 बार सोच लें, आपकी निगाहों को डस्टबिन को ढूंढना है, कि इस कचरे को कहां डालूं। स्कूल से घर जाते समय कहीं पर भी कोई भी कचरा दिखाई देता है तो आपका मन बेचैन हो जाना चाहिए कि कचरा यहां पर क्यों है, आप थोड़ा झुकें और कचरे को उठाइए, उसको सही जगह पर फेंक दीजिए, यदि आपके आसपास कोई जगह नहीं दिखाई देती है, आप उसको अपने जेब में रख लीजिए और फिर सही जगह पर फेंक दीजिए, यह आप आज से ही शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा आपके माता-पिता आपको स्कूटर या कार में बैठा कर ले जाते हैं, हमारे घर वाले पूजन सामग्री को सीधे तालाब में फेंकते हैं, आपका काम है कि अपने घर वालों को सचेत करें कि ऐसा नहीं करना है, हर तालाब के बाहर पूजन सामग्री को सम्मान से डालने की जगह बनाई हुई है, वहां पर डालिए, अपने घर में कहीं पर विसर्जित करिये लेकिन तालाबों को पूजन सामग्री प्रसारित करने का अड्डा मत बनाइए, इससे वहां के जीव जंतु भी मरते हैं, तालाब का सौंदर्य भी खराब होता है, जलकुंभियां बनती हैं, पानी खराब होता है और अल्टीमेटली हमारा शहर खराब होता है।

उन्होंने कहा मन की सफाई, मन की सफाई के लिए आप सभी को दो होमवर्क दे रहा हूं, पहली चीज मोबाइल फोन में उल्टी-सीधी चीज नहीं देखना है, मोबाइल फोन को साफ रखना है, केवल पढ़ाई की चीज देखना है, अभी आपकी उम्र पढ़-लिखकर आगे बढ़ने की है। उन्होंने कहा मन की सफाई में लड़कियों को सम्मान के साथ देखना, कोई भी लड़का लड़की के प्रति असम्मान जनक नजर ना रखें, यदि आज आपकी नजर लड़कियों के प्रति खराब होती है तो कल आप जैसे ही लोग फिर क्राइम करते हैं, लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं, उनके साथ अपराध करते हैं। लड़कियों के लिए जरूरी है कि वह सेल्फ डिफेंस सीखें।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा घर में स्कूल में जहां पर भी आप देखे की पंखा या लाइट अनावश्यक रूप से जल रहे हैं, तो तुरंत बटन बंद कर दें। तन की सफाई, मन की सफाई के बाद जीवन की सफाई, जीवन की सफाई के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है, अपने जिंदगी का लक्ष्य तय करना कि मुझे अपनी जिंदगी में क्या बनाना है, आप कुछ भी बनें कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता है, मैं हमेशा कहता हूं कि नंबर वन बनाने के चक्कर में नहीं पढ़ना है, नंबर वन नहीं बनना है, हमको ओनली वन बनाना है। यदि आपने यह कर लिया तो मुझे पूरा विश्वास है, न केवल आप अपने परिवार के लिए अपने बल्कि समाज, राज्य, अपने देश के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए गौरव बन जाएंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा आज से यह जो शुरुआत की है बेहतर हो कि आने वाली जनरेशन इस बात को समझे कि यदि कचरे को सेग्रीगेट करके देंगे तो उसका सही डिस्पोजल हो पाएगा और कचरे के पहाड़ नहीं बनेंगे।

# राम राम कहने से दुश्मन भी अपनी दुश्मनी भूल कर अपना हो जाता है- पँ श्री रामनाम महाराज

## -शहर के सबसे बड़े आयोजन महाबारत को लेकर श्रीराम झरोखा पर प्रेस वार्ता का हुआ

## -रामनाम महाराज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महाबारात की विस्तार से दी जानकारी

परिहार गर्जना न्यूज। बीना. शहर के सबसे बड़े आयोजन श्रीराम महाबारात के संबंध में सोमवार को श्रीराम झरोखा पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें पं. रामनाम महाराज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महाबारात की विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि श्रीराम महाबारात का आयोजन लगातार 42 वें वर्ष किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्य असम, झारखंड, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों से कलाकार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि श्रीराम महाबारात का आयोजन लोगों को एक करने के लिए निकाली जाती है, जिसमें सभी भक्त शामिल होकर धर्मलाभ लेते हैं। कहने और करने में अंतर होता है। श्रीराम महाबारात निकालने के लिए दृढ़ निश्चय करना पड़ता है, श्रीराम संकीर्तन के प्रभाव से इतनी बड़ी बारात निकाल पाना संभव हो पाता है, इससे जो लोग संस्कृति से हटते जा रहे थे उन्हें फिर से संस्कृति से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है। भगवान के जितने भी संस्कार थे, उनकी पूरी रस्में की जाती हैं, ताकि जो लोग इन रस्मों को भूलते जा रहे हैं वह उनके स्मरण में बनी रहें और आगे भी रस्में को निभाई जाएं। अभी भगवान की सगाई, गोदभराई, तिलकोत्सव की रस्में पूरी हो चुकी हैं। आगे तेल, मंडप, हल्दी की रस्मों के बाद भगवान की चक्रवर्ती महाबारात निकाली जाएगी।

***राम राम करने से दुश्मन भी अपना हो जाता है***

पँ श्री रामनाम महाराजराम ने आगे कहा कि राम राम कहने से दुश्मन भी अपनी दुश्मनी भूल कर अपना हो जाता हैं, उन्होंने कहा कि यदि आपकी किसी से बुराई भी है वह आपका दुश्मन है तो यदि आप अपने दुश्मन से भी राम-राम जय सियाराम कर लेते हैं तो आपकी आधी दुश्मनी तो वैसे ही काम हो जाती है और दुश्मन भी अपना दोस्त बन जाता है अपना बन जाता है इसलिए राम नाम की महिमा बड़ी ही अपरंपार है।

***महाबारात यह होंगे शामिल***

महाबारात में 100 ध्वज वाहक, 20 घोड़े, 4 ऊंट, नाचने वाले घोड़ा, अयोध्या की झांकी, गुजरात की झांकी, पंजाब बैंड, हरियाणा बैंड, 10 डीजे, 6 बैंड, दिल्ली का अघोरी नृत्य, कानपुर का अघोरी नृत्य, मालवा का मयूरी डांस, 8 ट्राला पर झांकी, 4 अखाड़े, चलित इंदौरी की झांकी, डमरू नृत्य आदि शामिल होंगे।

# डॉ. अर्पण जैन को मिलेगा प्रभासाक्षी का हिन्दी सेवी सम्मान 2024

**जयसिंह रघुवंशी**

परिहार गर्जना न्यूज। इन्दौर। हिन्दी तन मन, हिन्दी जीवन के भाव के साथ एक दशक से लगातार हिन्दी के प्रचार-प्रसार और विस्तार में जुटे मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन %अविचल% को वर्ष 2024 का हिन्दी सेवी सम्मान नईदिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 6 दिसम्बर को प्रदान किया जाएगा। देशभर में विगत 23 वर्षों से लगातार प्रभासाक्षी हिन्दी समाचारों का बेहतरीन मंच है। ज्ञात हो कि डॉ. अर्पण जैन सुप्रसिद्ध हिन्दी सेवी हैं, जिन्होंने अब तक लगभग 30 लाख लोगों के हस्ताक्षर बदलवा दिए हैं। साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2020 का अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार और जम्मू कश्मीर साहित्य एवं कला अकादमी एवं वादीज़ हिन्दी शिक्षा समिति द्वारा वर्ष 2023 का अक्षर सम्मान डॉ. अर्पण जैन को प्राप्त हुए हैं। हिन्दी सेवी सम्मान के चयन के लिए सुधीजनों और साहित्य प्रेमियों ने डॉ. अर्पण जैन को बधाई प्रेषित की।



# हटा विधायक उमादेवी खटीक ने सगोनी में उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया लोकार्पण



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 02 दिसम्बर। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने पटेरा ब्लाक के सगोनी में बनाये गए नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। सगौनी गांव में करीब 48 लाख की लागत से इस उप-स्वास्थ्य केंद्र को नन्ना कंस्ट्रक्शन पेरवारा द्वारा बनाया गया है, जिसमे प्रसव कक्ष, वार्ड, ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लेबर्टी रूम सीएचओ और ए एन एम के लिए आवास बनाये गए है।

लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई हटा विधायक उमादेवी खटीक और अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती, गणेश जी की पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोचे तीन बदमाश, दो घायल



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर बैटरी चोरी करने वाले तीन बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया है कि रविवार देर रात रिफाइनरी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाश ऑटो में सवार होकर चोरी किए गए माल को ठिकाने लगाने के लिए जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और बाद रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर ली। तीनों बदमाशों ने घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दी।

पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिसके चलते दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और घायल हो गए। पकड़े गए बदमाश कपूर उर्फ कपूरा निवासी फिरोजाबाद, समीर पुत्र कल्लू और राहुल पुत्र बासदेव खंदारी आगरा रहने वाले हैं। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ऑटो, दो अवैध तमंचा चार जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस, पांच बैटरी व वायर, नौ हजार की नकदी बरामद की है। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# बीना को एक समृद्ध और आधुनिक क्षेत्र के रुप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है-सप्रे

## बीना विधायक निर्मला सप्रे द्वारा स्वीकृत कार्य- विकास की ओर अग्रसर




परिहार गर्जना न्यूज। बीना-बीना विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, बीना के नागरिकों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। इसी कड़ी में, बीना विधायक निर्मला सप्रे द्वारा स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है।

***विकास कार्यों का शुभारंभ***

1.ग्राम ढांड में सामुदायिक भवन का निर्माण- रु 10.00 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक उपयुक्त स्थल मिलेगा।

2.ग्राम चमारी में हाईस्कूल भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण-

रु 24.73 लाख की लागत से हाईस्कूल भवन की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इससे स्कूल परिसर की सुरक्षा बढ़ेगी और विद्यार्थियों को एक सुरक्षित माहौल मिलेगा।

3.ग्राम खजुरिया में पंचायत भवन एवं सड़क निर्माण-

रु 10 लाख की लागत से पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया और रु 8.34 लाख की लागत से मुख्य सड़क से हरिजन बस्ती तक सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया। यह कार्य क्षेत्रवासियों की यातायात सुविधा को बेहतर बनाएगा।

4.ग्राम देवल में सीसी सड़क निर्माण-

रु 5 लाख की लागत से रामऋषि जी के घर से मुन्ना विश्वकर्मा के घर तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य आरंभ किया गया। इससे ग्रामवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और यात्रा में सुगमता होगी।

इन विकास कार्यों के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक सप्रे ने कहा कि हम निरंतर बीना को एक समृद्ध और आधुनिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य है कि बीना के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से लेकर समग्र विकास की सौगात मिले।

# औषधि विक्रेता संघ गठित नवीन सेठ बने अध्यक्ष

**राजाराम साहू**



परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। घुवारा नगर के स्थानीय का गठन किया दवा विक्रेताओं ने औषधि विक्रेता संघ है। रविवार को हुए औषधि विक्रेता संघ का नवीन मेडिकल के संचालक नवीन जैन सेठ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। आपको बता दें कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन जैन सेठ ने बताया कि घुवारा में समस्त दवा विक्रेताओं ने मिलकर एसोसिएशन का गठन किया है। जिसको जिला औषधी विक्रेता संघ, घुवारा के नाम से जाना जाएगा। बताया गया है कि वर्तमान में घुवारा नगर में 18 मेडिकल संचालित हो रहे है। एसोसिएशन में उक्त पदाधिकारियों अलावा सभी मेडिकल संचालकों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# केएम ने सुखदेव नगर में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प, सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित




परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा केएम हॉस्पिटल द्वारा ब्रजवासियों के लिए सुखदेव नगर में मदरसा पर नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया, जिसमें मेडीसन सहित नेत्र रोग, आंख रोग, हड्डी रोग के चिकित्सकों ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श के साथ दवाएं मुफ्त दी गई है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ केएम हॉस्पिटल के एएमएस डा. आरपी गुप्ता, मदरसा के इंचार्ज, बाहिद कुरैशी ने फीता काटकर किया। शिविर में मरीजों का परीक्षण कर उनका उपचार एवं उचित परामर्श दिया गया। अहमद रजाद ने कहा कि भाग दौड़ भरी दिनचर्या में व्यक्ति कब रोगी बन जा रहा है उसको खुद भी पता नहीं चलता है। इसलिए स्वास्थ्य का परीक्षण समय-समय पर होते रहने चाहिए। ऐसे शिविरों का आयोजन बढ़ चढ़कर होना चाहिए। डा. आरपी गुप्ता ने बताया कि शिविर में करीब 250 लोगों का परीक्षण कर परामर्श व उपचार दिया गया है। मौसम के परिवर्तन के कारण मेडीसन और नेत्र रोग से ग्रस्त बीमार मरीजों की संख्या अधिक थी, जिन्हें नि:शुल्क दवाओं के साथ परामर्श दिया गया है। इस दौरान डा. मनीष, डा. आस्था डॉ. नितिन, नर्सिंग स्टाफ अंजू, फार्मासिस्ट दीपक राजपूत, मार्केटिंग मैनेजर आमीन, पीआरओ जगवीर, सिराज तथा हॉस्पिटल के वार्ड बॉय वीरपाल का कैम्प में विशेष सहयोग रहा।

# सक्रिय सदस्य ही बन सकेगा भाजपा का मंडल अध्यक्ष - योगेश ताम्रकार

## जिला भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव को लेकर कार्यशाला संपन्न

छतरपुर। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अंतर्गत बूथ समितियों के गठन पश्चात अब आगामी दिनों में मंडल का पुनर्गठन होगा। मंडल अध्यक्ष बनने के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है उसकी आयु 35 से कम और 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, वह पूर्व में किसी न किसी संगठनात्मक पद पर रहा हो और उस पर किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई हो साथ ही उस पर किसी भी प्रकार का आर्थिक अपराध ना हो।




यह बात भाजपा संगठन के जिला निर्वाचन प्रभारी एवं सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न कार्यशाला में संबोधित करते हुए कही। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला ने बताया कि कार्यशाला में मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है कुछ समय पहले तक में भी आप सभी कार्यकर्ताओं के साथ मंच के सामने बैठा करता था लेकिन पार्टी ने मुझे चंदला से विधानसभा का टिकट दिया इसके बाद मंत्री भी बनाया यह सब भाजपा में ही संभव है पार्टी में सकरी रूप से कार्य करने वाले कार्यकर्ता को पार्टी कभी ना कभी अवश्य देती है आप लोग भी सामने बैठे कार्यकर्ता कभी मंच पर बैठ सकते हैं।

कार्यशाला को भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम,राज्य मंत्री एवं चंदला विधायक दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया,महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री,प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय रिछारिया, हर प्रसाद पटेल, बृजेश चौरसिया, जिला निर्वाचन सह प्रभारी सुरेंद्र चौरसिया एवं हरनारायण अवस्थी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया एवं कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में श्री ताम्रकार ताम्रकार ने मंडलवार बूथ संख्या, सक्रिय सदस्य संख्या, बूथ समितियों की ऑनलाइन एंट्री आदि की जानकारी ली उन्होंने बूथ समितियों का रजिस्टर बनाने व संगठन एप पर एंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, विधायक श्रीमती ललिता यादव,अरविन्द पटेरिया कामाख्या प्रताप सिंह के द्वारा संबोधित किया गया। आभार जिला सह निर्वाचन अधिकारी हरनारायण अवस्थी के द्वारा किया गया जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष,मोर्चा जिला अध्यक्ष,मंडलों के संगठन पर्व सहयोगी मौजूद रहे।

# अधिकारी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें- कलेक्टर

**-कलेक्टर ने समग्र ईकेवायसी कराने और आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश**
**-कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक सम्पन्न**




छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, डिप्टी कलेक्टर जीएस पटेल, एसडीएम, जनपद एवं नगरीय निकायों के सीईओ एवं सीएमओ एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हैल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए नवम्बर माह की ग्रेडिंग में पिछडा वर्ग विभाग की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की और आंगे प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही राजस्व विभाग को भी प्रगति बढाने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग को सीएम हैल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों मे शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के तहत लंबित शिकायतों में सीएमओ महाराजपुर 25 शिकायतों में से मात्र 6 शिकायते बन्द कराई जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम एवं सीएस मॉनिट के तहत लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन समय-सीमा में विभाग से प्राप्त करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराने के लिए निर्देशित किया जिसमें सीएमओ हरपालपुर से संबंधित एक प्रकरण काफी समय से लंबित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित प्रकरणों का समयसीमा में इसी सप्ताह निराकरण कराने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने विकासखण्ड लवकुशनगर डीडीओ के अंतर्गत नवनियुक्त शिक्षकों के स्टायफण्ड ऑटोनेशन के पूर्व माहों के वेतन भुगतान के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों के अर्जित अवकाश के नकदीकरण के लंबित प्रकरणों के निराकरण कर सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी से निराकरण कर प्रमाणपत्र प्राप्त प्राप्त करें।

कलेक्टर ने धरती आवा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 66 ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य समयसीमा में कराने के लिए जनपद सीईओ बक्सवाहा, बिजावर, राजनगर, बडामलहरा एवं लवकुशनगर को निर्देशित किया और सीईओ बक्सवाहा द्वारा सर्वे कार्य न कराने पर निलंबन का प्रस्ताव कमिश्नर को प्रेषित किए जाने के लिए निर्देशित किया एवं बुधवार तक शत प्रतिशत डाटा प्राप्त न होने की स्थिति में जिला संयोजक आदिम जाति जनजातिय विभाग के निलंबन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समग्र ई-केवायसी में लक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की जिसके लिए विशेष रूप से सीएमओ छतरपुर, नौगांव, हरपालपुर, बडामलहरा, गढ़ीमलहरा को निर्देशित किया। साथ ही 4 घण्टे से अधिक बिजली कटौती के, जल जीवन मिशन के तहत कार्य, शासकीय एवं निजी कूपों की समीक्षा की। राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, नक्श तरमीम, आरओआर लिंकिंग, फॉर्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान आधार सीडिंग, स्वमित्व योजना के कार्यों को 15 दिसम्बर तक पूर्ण कराने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्रगति बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए निर्देशित किया।


***पीएमएजीवाई अभिशरण समिति गठित***

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में छतरपुर जिले के चयनित 39 ग्रामों ललौनी, पठादा, पठापुर, गौरगांय, नयागांव, सिंगरावन खुर्द, काकनपुरा, विलहरी, प्रतापपुरा, अधियारी वारी, कटहरा, मुड़ैरी उत्तरी, बम्हौरी पुरवा, दिदवारा, बैतालीपुरवा, पटना, टहनगा, भड़ार, चितहरी, अभऊ, रेवना, खैरा, सिचहरी, धवारी, अलीपुर, जरेहटाकला, करहरी, मुड़हरा, पहरा, गौमाखुर्द, शाहगढ़, नारायणपुरा, सेवार, बमनीघाट, बारों, बम्हौरी खुर्द, कर्री, राजापुर, भोजपुरा के लिए जिला स्तरीय पीएमएजीवाई अभिशरण समिति गठित की है। साथ ही योजना के क्रियांवयन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

## महिला एवं उसके तीन बच्चों को 100 डायल वाहन ने घर पहुंचाया

**साधन न मिलने से बस स्टैंड पर बैठी थी महिला**

छतरपुर। थाना भगवा क्षेत्र के ग्वारा गाँव के पास एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ बस स्टैंड पर बैठी है, जिन्हें अपने गाँव जाने के लिए साधन नहीं मिल रहा है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में रात्रि 12:06 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल भगवा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक दगी राजा, आरक्षक महेंद्र साहू तथा पायलेट किशोरी लाल ने मौके पर पहुँचकर बताया कि महिला अपने तीन बच्चों के साथ ग्वारा गाँव में बस स्टैंड पर बैठी थी, महिला को बंधा गाँव जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। डायल-112/100 जवानों द्वारा एफआरव्ही वाहन से महिला एवं तीनों बच्चों को बंधा गाँव ले जाकर परिजन से मिलाया गया। देर रात सहायता के लिए महिला के परिजन द्वारा डायल-112/100 पुलिस जवानों का आभार व्यक्त किया गया।



## सीएम स्वेच्छानुदान से 3.4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 8 लोगों को बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से हितग्राहियों को 3.4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही निशा सोनी निवासी वार्ड नंबर 6 सटई लखनगुवा को 1 लाख, अंकित पटेल वार्ड नंबर 9 नई कॉलोनी नौगांव को 50 हजार, मीना अग्रवाल निवासी पेप्टेक टाउन छतरपुर को 30 हजार, शांति कुशवाहा वार्ड क्रमांक 14 अकोलनपुर पोस्ट इमलहा को 20 हजार एवं बेबी ऑफ पूनम प्रथम एवं द्वितीय बरानियां निवासी वार्ड नंबर 5 मझपटिया मूहाल लवकुशनगर को 35-35 हजार, अजय कुमार तिवारी निवासी बड़गांव तहसील बिजावर, रामनारायण अवस्थी निवासी ग्राम लालपुर तहसील राजनगर जिला छतरपुर को 35-35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

# भगवान श्री जटाशंकर जी और लाला हरदौल को सौंपी श्री राम, सीता विवाह की आमंत्रण पत्रिका




**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर में दशरथ राघव श्री रामचंद्र भगवान और जनक नंदिनी माता सीता का विवाह पंचमी पर्व 6 दिसंबर को महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर प्रबंध समिति मंदिर श्री जानकी निवास एवं मंदिर श्री रामनिवास सहित धर्मानुगामियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। मंदिर समिति अध्यक्ष एवं तहसीलदार अभिनव शर्मा सहित अन्य ट्रस्टियों ने सोमवार को श्री जटाशंकर धाम पहुंचकर भगवान जटाशंकर जी को श्री राम, माता सीता जी के विवाह की आमंत्रण पत्रिका सौंप कर आमंत्रित किया। इसके पहले मंदिर के व्यवस्थापक और दोनों मंदिरों के पुजारी जी द्वारा ओरछा धाम पहुंचकर श्री राम राजा सरकार के दर्शन के बाद लाला हरदौल को विवाह की आमंत्रण पत्रिका सौंपी गई। 6 दिसंबर शुक्रवार को मंदिर श्री जानकी निवास से दोपहर 2 बजे बारात आरंभ होगी। जो मोहनगंज, महल रोड, रतनगंज, मुख्य बाजार, बस स्टैंड होते हुए मंदिर श्री जानकी निवास पहुंचेगी। यहां पर द्वारचार, बारात स्वागत, परिग्रहण संस्कार, पांव पखराई की रस्म होगी। वही मंचीय कार्यक्रम में धनुष भंग, वरमाला के साथ भजन संध्या में बुंदेली लोक कलाकार कविता शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगी। बिजावर विधायक राजेश शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान प्रसाद वितरण होगा। मंदिर प्रबंध समिति ने सनातन धर्मानुगामियों से इस धार्मिक महोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



## सुमति अकेडमी के छात्र का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

छतरपुर। सुमति अकादमी के कक्षा -9 वीं के छात्र निशांत वर्मा पिता श्री दिलीप अहिरवार का राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ। छात्र का चयन संभाग स्तरीय क्रिकेट द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया। स्कूल के खेल प्रशिक्षक सरफराज खान ने कहा यह छात्र की कड़ी मेहनत और क्रिकेट के प्रति समर्पण का परिणाम है। राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 03 दिसम्बर को अशोकनगर में आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा और शिक्षकों ने छात्र को इस उपलब्धि के लिए बहुत बधाई दी और अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्प्लेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321